नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक :27.08.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर छात्र संघ चुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है। चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में आज चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा की गई और सम्पूर्ण प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगा दी गई। श्री नन्दन शर्मा उक्त बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि 28 अगस्त को प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। 28 अगस्त को ही अपहरान् 03:00 बजे से 05:00 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा पुस्तकालय मंत्री के लिए नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन निर्धारण प्रत्याशिता प्रारूप पर एक प्रस्तावक तथा एक समर्थक द्वारा प्रत्यासी की सहमति से किया जायेगा। 29 अगस्त को प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे  पर्चे की वापसी तत्पश्चात 10:30 बजे से 11:00 बजे तक प्रत्याशियों के आवेदन पर्चे की जाँच की जाएगी। वैध प्रत्याशियों की सूची घोषित होने के पश्चात अपराहन् 01:30 बजे योग्यता भाषण का आयोजन होगा। जिसमें प्रत्येक प्रत्याशी साधारणा सभा के समक्ष अपनी बात 10 मिनट में रख सकेगा। प्रत्याशियों के प्रचार–प्रसार का यही एकमात्र साधन होगा। 30 अगस्त को प्रातः 08:30 से 01:30 बजे तक मतदान होगा। मतदान के पश्चात उसीदिन मतगणना तथा परिणाम घोषित कर दिये जायेगे। उसी दिन चुनाव अधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा पुस्तकालय मंत्री को प्रमाण पत्र दे देंगे।

श्री नन्दन शर्मा ने कहा कि चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन होगा। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व एवं पर्चा निरस्त कर दिया जाएगा। तीन मतदान केन्द्रो पर मतदान होंगे। कला संकाय के मतदान केन्द्र के प्रभारी डॉ. एस. के. बर्नवाल, विज्ञान संकाय के मतदान केन्द्र के प्रभारी डॉ राजेश शुक्ल तथा वाणिज्य संकाय के मतदान केन्द्र के प्रभारी  डॉ. अभय श्रीवास्तव होंगे। चुनाव प्रवेक्षक डॉ. विजय चौधरी तथा परिसर अनुशासन प्रमुख मुख्य नियंता डॉ. आर.एन. सिंह होगे। महाविद्यालय के 100 मीटर के परिक्षेत्र में चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। पूरे परिसर में चुनाव आचार संहिता पालन सुनिश्चित कराने का दायित्व मुख्य नियंता मण्डल का होगा।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी